पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गोरखपुर में भूकम्प पीड़ितों के राहत कार्य में वायु सेना की तैयारियों का जायजा लिया

राज्यपाल ने संयम बनाये रखने तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की

लखनऊ: 26 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज गोरखपुर में वायुसेना बेस द्वारा भूकम्प पीड़ितों के राहत कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। राज्यपाल ने राहत हेलीकाप्टर तथा वायुसेना अस्पताल का भी दौरा किया। इस राहत हेलीकाप्टर में भूकम्प पीड़ितो के लिए चार कुन्तल राहत सामग्री के साथ छत्तीस आदमियों का दल प्रभावित क्षेत्र में जाकर राहत कार्य कर सकता है। राज्यपाल ने राहत कार्य में लगे वायु सेना के जवानों का उत्साह भी बढ़ाया। इस अवसर पर वायु सेना के कमांडिंग आफिसर, श्री मनीष सहदेव, जिलाधिकारी गोरखपुर, श्री रंजन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री प्रवीन यादव, सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

श्री नाईक ने भूकम्प से देश एवं पड़ोसी देश नेपाल में जान-माल के बडे नुकसान पर दुःख व्यक्त करते हुये कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा देश पीड़ितों के साथ है। उन्होंने यह अपील भी की है कि भूकम्प पीड़ितों के सहायतार्थ सभी लोग आगे आयें। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आज गोरखपुर में भारतीय आयुर्वेद विकास परिषद न्यास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गये थे।

इससे पूर्व राज्यपाल कुशीनगर में हिन्दुस्थान समाचार एजेन्सी द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में जब सम्बोधित कर रहे थे तभी भूकम्प के झटके महसूस किये गये। लोग तुरन्त ही सुरक्षित स्थान पर आ गये। राज्यपाल ने सभी से अपील की कि ऐसे समय में सुरक्षात्मक निर्देशों का पालन करें, हड़बडाहट के बजाए संयम के साथ सुरक्षित स्थान पर जायें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।

------

12 AIR FORCE HOSPITAL
GORAKHPUR
12 AIR FORCE HOSPITAL
VISION
People First : Mission Always
MISSION
To Achieve Excellence in Health Care Services
QUALITY POLICY
To Provide improved patient care, professional specialist services, optimum utilization of resources, its implementation, good inventory